गुरु नानक – सबद २५

सालाही सालाहि एती सुरत न पाईआ ॥

जप, गुरु नानक, गुरु ग्रंथ साहिब, ५

सालाही सालाहि एती सुरति न पाईआ ॥
नदीआ अतै वाह पवहि समुंद न जाणीअहि ॥
समुंद साह सुलतान गिरहा सेती माल धन ॥
कीड़ी तुल न होवनी जे तिस मनहु न वीसरहि ॥२३॥

सार: सबसे क़ीमती गुण सच्चाई को अपने व्यावहारिक चरित्र का हिस्सा बनाना है। मनुष्य केवल आध्यात्मिक पेशवाओं के सकारात्मक गुणों को दोहराने और उनका जश्न मनाने में फँस जाता है और उनकी महान विचारधाराओं को क्रियान्वित करने के सार और महत्व को भूल जाता है।

सालाही सालाहि एती सुरत न पाईआ ॥
केवल बार-बार सुनाने या प्रशंसा करने से कोई सद्गुणों को प्राप्त, समझ या उन्हें धारण नहीं कर सकता।

नदीआ अतै वाह पवहि समुंद न जाणीअहि ॥
समुद्र में गिरने वाली नदियाँ उसकी विशालता से अनजान हैं।

समुंद साह सुलतान गिरहा सेती माल धन ॥
राजा-महाराजाओं की अपार संपत्ति

कीड़ी तुल न होवनी जे तिस मनहु न वीसरहि ॥२३॥
की क़ीमत तिल भर भी नहीं है, उन की तुलना में, जो सर्वव्यापी चेतना के आपसी संबंध को नहीं भूलते। (२३)

तत्त्व: गुरु नानक कहते हैं कि गुण, ताक़त, विनम्रता और धन, सर्वव्यापी चेतना के आपसी अंतर-संबंधित सार्वभौमिक सत्य को याद करने और उसका बयान करने में निहित हैं।

पहलकदमी

Oneness In Diversity Research Foundation

वेबसाइट: OnenessInDiversity.com

ईमेल: onenessindiversityfoundation@gmail.com